म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स,किसान भवन,भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2022-23/ 126 भोपाल, दिनांक 12/10/2022

प्रति

1. संयुक्त/उप संचालक
   म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
   आंचलिक कार्यालय (समस्त)
2. सचिव
   कृषि उपज मंडी समिति (समस्त)

विषय :- "एम.पी. फार्म गेट ऐप" के व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में।

सन्दर्भ :- अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में।

--:00:--

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भ में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा "एम.पी. फार्म गेट ऐप" का विकास किया गया है। भोपाल/ इंदौर/देवास/ उज्जैन/सागर/जबलपुर/गुना/सतना/हरदा जिले की मंडी में पायलट के रूप में उक्त ऐप प्रवृत्त है, जिसका संचालन दिनांक 01/08/2022 से पायलट के रूप में सफलतापूर्वक हो रहा है। उक्त ऐप के माध्यम से मंडी प्रांगण के अतिरिक्त कृषकों को अपनी कृषि उपज अपने घर/खलियान से अपने दाम पर विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

"एम.पी. फार्म गेट ऐप" एक एंड्राइड बेस्ड एप्लीकेशन है, जिसका विकास एन.आई.सी. भोपाल द्वारा किया जाकर इसका यूजर मैन्युअल तथा शासन में प्रस्तुत पी.पी.टी. की प्रति आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न है।

"एम.पी. फार्म गेट ऐप" के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला/जनपद पंचायतों, कृषक संगठनों तथा व्यापारी संगठनों के साथ कार्यशाला आयोजित कर "एम.पी. फार्म गेट ऐप" का सम्यकरूप से व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उक्त एप के संचालन में कोई परेशानी/कठिनाई आने पर श्री गौरव खरे मो. 9981802326 तथा श्री मोहित गुप्ता मो. 9827526328, एप डेवलपर NIC भोपाल से संपर्क करें।

अतः निर्देशित किया जाता है कि "एम.पी. फार्म गेट ऐप" के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार।

12/10/22

(डी.के. नागेन्द्र)

अपर संचालक

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

भोपाल

क्र./मंडी बोर्ड/आई.टी.सेल/2022-23/ 127 भोपाल, दिनांक 12/10/2022

<u>प्रतिलिपि</u>:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल।
2. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
3. श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक एन.आई.सी. भोपाल ।

12.10.22

अपर ~~संचालक~~
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल